जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-8 | जयपुर, सोमवार, 26 फरवरी, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## मुख्यमंत्री का पूर्वी राजस्थान दौरा : पूर्ववर्ती सरकार ने अटकाया-भटकाया-लटकाया, हमने डेढ़ माह में ही पूरा किया वादा



**जयपुर (हमारा वतन)।** पूर्वी राजस्थान के जन और जमीन की प्यास बुझाने वाले एकीकृत ईआरसीपी परियोजना के एमओयू के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन से रूबरू होने उनके बीच पहुंचे। अलवर, डीग और भरतपुर जिलों में जगह-जगह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर फूल बरसाकर, मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। उत्साहित जनसमूह अपने प्रिय मुख्यमंत्री को 'राजस्थान का भगीरथ' बताते हुए उनके समर्थन में नारे लगा रहा था। मुख्यमंत्री ने बड़ौदामेव, नगर, डीग और भरतपुर में जनसभाओं को सम्बोधित किया और लोगों को ईआरसीपी परियोजना से उनके क्षेत्र को होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकारें जनता से किए वादों को पूरा करने में तत्परता से लगी हुई है। हमने प्रदेश को ईआरसीपी की सौगात देने का वादा किया था और सरकार बनने के डेढ़ महीने के अन्दर ही ईआरसीपी परियोजना के लिए केन्द्र सरकार, मध्यप्रदेश सरकार के साथ बात कर यह एमओयू किया। हमने धरातल पर तेजी से काम करते हुए इस परियोजना को पांच साल में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने ईआरसीपी को लटकाने-अटकाने और भटकाने का ही काम किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने ईआरसीपी का बजट घोषणाओं में बार-बार जिक्र जरूर किया लेकिन इसके समाधान को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान के किसानों, मातृ शक्ति व आमजन के जीवन में सुखद बदलाव आएगा और गांव, खेत तथा घरों तक पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। ईआरसीपी की डीपीआर में सम्मिलित 26 बांधों के अलावा आगे चलकर इसमें 122 बांध और जोड़ने की योजना है।

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को किया समर्पित



**वाराणसी (हमारा वतन)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री वाराणसी के करखियावं में यूपीआईडीएस एग्रो पार्क में बनी बनासकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड की दूध प्रसंस्करण यूनिट बनास काशी संकुल देखने गए और लाभार्थियों से बातचीत की। प्रदानमंत्री मोदी ने रोजगार पत्र और जीआई-अधिकृत उपयोगकर्ता प्रमाण पत्र भी दिए। आज की विकास परियोजनाएं सड़क, रेल, विमानन, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, शहरी विकास और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की हैं। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए काशी में एक बार फिर उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया और 10 वर्ष पहले शहर के सांसद के रूप में चुने जाने को याद किया। उन्होंने कहा कि इन दस वर्षों में बनारस ने उन्हें बनारसी बना दिया है।

मोदी ने काशी के लोगों के समर्थन और योगदान की सराहना की और कहा कि 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के साथ एक नई काशी बनाने का अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाएं रेल, सड़क, हवाई अड्डे से संबंधित, पशुपालन, उद्योग, खेल, कौशल विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, आध्यात्मिकता, पर्यटन और एलपीजी गैस से संबंधित हैं और इन परियोजनाओं से न केवल काशी, बल्कि पूरे पूर्वांचल क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री ने संत रविदास जी से जुड़ी परियोजनाओं का भी उल्लेख किया और नागरिकों को बधाई दी।




## वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह के पोस्टर का हुआ विमोचन

**चौमूं (हमारा वतन )।** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात की गोविंदगढ़ ब्लॉक इकाई के द्वारा दिनांक 3 मार्च 2024 रविवार को आयोजित होने वाले वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह के पोस्टर का विमोचन मंजू शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष, विप्र कल्याण बोर्ड ने किया। इस दौरान मंजू शर्मा ने कहा कि समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान होना अति आवश्यक है

क्योंकि यह समाज के स्तंभ है इनके द्वारा आने वाली पीढ़ी को मार्गदर्शन देकर इनका मार्ग सुगम बनाते हैं । इस दौरान जिला अध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, समाजसेवी राजेंद्र शर्मा, डॉ. एम के अग्रवाल उपस्थित रहे।



## श्री शिरडी साई मंदिर में मनोकामना पूर्ण होने पर हुआ विशाल कन्या प्रसादी का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ईटावा भोपजी में स्थित श्री शिरडी साई मंदिर में साई भक्त जगदीश कटारिया निवासी गोविंदगढ़ और मुकेश जाखड़ निवासी ईटावा भोपजी ने मनोकामना पूर्ण होने पर बाबा का भव्य श्रृंगार और विशाल कन्या प्रसादी का आयोजन किया। साई मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने पूजा अर्चना कर कन्या प्रसादी की शुरुआत की। इस मौके पर कृष्ण कटारिया, सुरेंद्र जाखड़, बनवारी बिजारनिया, गोपाल बजाज, कालूराम कटारिया, रविंद्र गढ़वाल, मदन बराला, सूरदास चारणवास सहित अनेक महिलाएं,बच्चे और साईभक्त उपस्थित रहे।

## सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल फाउंडेशन में सैनिक संगम 2024 वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




**किशनपुरा (हमारा वतन)।** चौमूं विधानसभा की ग्राम पंचायत किशनपुरा स्थित सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल व फाउंडेशन में सैनिक संगम- 2024 वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ । जनप्रतिनिधियों व छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस दौरान बच्चों ने बहुत ही शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की । विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मान व पारितोषिक वितरण किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि खंडेला विधायक सुभाष मील ने संबोधित करते हुए कहा कि कौन कहता है कि गांव के गुदड़ी के लाल अधिकारी नहीं बन सकते, लेकिन गांव के गुदड़ी के लाल दिन रात एक करके ग्रामीण क्षेत्र से सबसे ज्यादा अधिकारी इन विद्यालयों से निकलकर ज्यादा आ रहे हैं।




चौमूं विधायक डॉक्टर शिखा मील बराला ने छात्र-छात्राओं को भविष्य में कठोर परिश्रम करने की प्रेरणा दी । नांगल गोविंद सरपंच बाबूलाल गढ़वाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे 3 आर बी राज.एनसीसी बटालियन सीकर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अजय कुमार ने छात्र छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की प्रशासनिक सेवाओं के साथ-साथ देश सेवा भी महत्वपूर्ण होती है । कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की पूर्व छात्रा रही पूजा यादव का राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर सम्मान किया गया । मंच संचालन विद्यालय के ही बालक बालिकाओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर जयपुर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा, रिछपाल सिंह खर्रा, डॉ. हनुमान बराला, गिरिराज सिंह देवन्दा, लालचंद झाझड़ा, लूनियावास सरपंच रामपाल गीला, डुकिया सरपंच विजय सिंह बधाला, दादियारामपुरा सरपंच शंकर महला, कोटडी धायलान सरपंच एडवोकेट कैलाश धायल, तपीपल्या पूर्व सरपंच राजेंद्र बाजिया, गुड़लिया पूर्व सरपंच रामचंद्र रोलानिया आदि अतिथियों ने शिरकत की । सभी अतिथियों का विद्यालय संरक्षक धौंकल सिंह गढ़वाल, चेयरमैन रामचंद्र गढ़वाल, निदेशक श्रवण सिंह गढ़वाल के द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया ।

# समाधान आपके द्वार योजना शुरू-सुलभ व त्वरित न्याय की ओर बढ़ते कदम

मध्यप्रदेश (हमारा वतन)। मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक, म. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं राकेश मोहन प्रधान, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के मार्गदर्शन में ''समाधान आपके द्वार'' योजनांतर्गत संपूर्ण मध्यप्रदेश के साथ-साथ जिला रतलाम में भी लोक अदालत/समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राजस्व, पुलिस, वन, विद्युत एवं नगरीय निकाय विभाग के शमनीय, आपराधिक मामलों, न्यायालयों में प्रचलित राजीनामा योग्य मामलों तथा प्री-लिटिगेशन मामलों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी समझौते से निराकरण किया गया। योजना का ए.डी.आर. भवन, जिला न्यायालय से शुभारंभ करते हुये प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रामजी गुप्ता द्वारा हितग्राहियों को



व्हील चेयर, वाकिंग स्टीक एवं अन्य आवश्यकताओं का प्रदाय सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, पैरालीगल वालेंटियर सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला प्राधिकरण, रतलाम का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। इस दौरान कुल 207563 लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों मे से 47072 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें राशि 20996372 रूपये वसूल किये गए। उक्त योजना में कुल 47198 व्यक्ति लाभान्वित हुए। उक्त कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग के कलापथक दल द्वारा जिला प्राधिकरण रतलाम के थीम सांग-''आगे आओ हाथ बढ़ाओ थामों हाथ हमारा, न्याय सबके लिए यही है जिला प्राधिकरण रतलाम का नारा'' एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ गीत का संगीतमय गायन किया गया।

# नगर परिषद चौमूं का 70 करोड 29 लाख का बजट हुआ पारित

चौमूं (हमारा वतन)। नगर परिषद चौमूं का 70 करोड 29 लाख का बजट पारित हुआ। प्रातः 11.15 बजे नगर परिषद चौमूं की बजट मिटिंग सभापति विष्णु कुमार सैनी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मण्डल के 45 सदस्यो में से 33 सदस्य उपस्थित रहे। कोरम पूरा होने पर सभापति ने बैठक शुरु की और लेखधिकारी को बजट पेश करने का निवेदन किया। लेखाधिकारी ने जब बजट पढना शुरु किया तो सदस्य महेन्द्र लाम्बा, सायरमल सैनी, उत्तम गोठवाल व सीताराम जीतरवाल ने विरोध



जताया जिस पर सभापति विष्णु कुमार सैनी ने बजट के पक्ष में सदस्यों के हाथ खड़े करवाये जिस पर चार सदस्यों को छोडकर सभी सदस्यों ने हाथ खड़े कर बहुमत के आधार पर बजट पारित किया । बजट पारित होने पर सभापति ने बैठक कार्यवाही खत्म करने की घोषणा कर साथी सदस्यों के साथ सभा भवन के बाहर आकर बताया कि नगर परिषद का 70 करोड 29 लाख का बजट पारित हुआ है जिससे नगर परिषद के हर वार्ड में विभिन्न प्रकार के विकास कार्य होगें।




# पंडित रविन्द्राचार्य ने रॉयल जयपुर जंक्शन रेस्टोरेंट का किया निरीक्षण

जयपुर (हमारा वतन)। अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने जयपुर के अक्षय पात्र चौराहा, प्रताप नगर स्थित रॉयल जयपुर जंक्शन रेल कोच रेस्टोरेंट एंड कैफे का निरीक्षण किया। पंडित रविन्द्राचार्य ने बताया कि जयपुर में यह रेस्टोरेंट एंड कैफे रेल कोच के रूप में है । रेस्टोरेंट ऑनर कपिल शर्मा से होटल के बारे में विस्तार से चर्चा हुई । बाबा श्याम की कृपा इन पर बनी रहे।

# सीएम ने 21 मोबाइल वेटनरी इकाइयों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जयपुर (हमारा वतन)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार स्वस्थ पशुधन के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। इसी क्रम में हमारी सरकार ने मोबाइल वेटनरी इकाइयों (हैल्पलाइन नम्बर 1962) की शुरूआत की है। इसके माध्यम से पशुओं को शीघ्र चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध होगी और प्रदेश के पशुपालक समृद्ध होंगे। शर्मा ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मोबाइल वेटनरी इकाइयों के लोकार्पण पर आयोजित समारोह में भाग ले रहे थे।

उन्होंने 21 मोबाइल वेटनरी इकाइयों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके अतिरिक्त प्रदेश में जिला स्तर पर आयोजित समारोहों में 159 इकाइयों का लोकार्पण भी




किया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक एक लाख पशुओं पर एक मोबाइल वेटनरी यूनिट कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कॉल सेंटर की स्थापना भी की जाएगी, जो पशुओं के सामान्य रोगों के उपचार हेतु टेलीमेडिसन व्यवस्था एवं पशु प्रबंधन, पोषण आदि के लिए सलाह भी देगी।

कॉल सेंटर के माध्यम से पशुओं का आपात स्थिति में प्राथमिकता से उपचार सुनिश्चित हो सकेगा। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार कृषक कल्याण एवं पशुपालकों के हित में दूरगामी निर्णय कर रही है।

सरकार ने अपने पहले बजट में ही गौवंश संरक्षण के लिए शेड, खेली का निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत 1 लाख रुपए तक ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण घोषणा की है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने विधिवत तरीके से गौ पूजन कर समारोह का शुभारंभ किया।

## देशभर में टॉप-10 में जयपुर एयरपोर्ट

# पहली बार गोवा से भी अधिक फ्लाइट मूवमेंट रहा

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट फ्लाइट संचालन के लिहाज से देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट की सूची में 10वें स्थान पर पहुंच गया है। फ्लाइट संचालन के मामले में जयपुर ने पहली बार गोवा एयरपोर्ट को भी छोड़ दिया है। दरअसल, एयरपोर्ट पर यात्रीभार और फ्लाइट संचालन दोनों में ही अपेक्षाकृत रूप से अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट की सूची में फ्लाइट संचालन के लिहाज से केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों में जनवरी 2024 में जयपुर एयरपोर्ट देश में 10वें स्थान पर रहा है। फ्लाइट संचालन में जयपुर एयरपोर्ट ना सिर्फ लखनऊ और गुवाहाटी जैसे समकक्ष एयरपोर्ट से बल्कि पहली बार गोवा के दाबोलिम इंटरनेशनल एयरपोर्ट से भी आगे रहा है। इसकी एक बड़ी वजह ये भी है कि वहां मोपा में गोवा नॉर्थ एयरपोर्ट शुरू हो जाने से यात्रीभार बंट गया है। जयपुर एयरपोर्ट से जनवरी माह में औसतन रोज 64 फ्लाइट्स का संचालन हुआ है। वहीं, रोज औसतन 17 हजार यात्रियों ने हवाई यात्रा की है। जयपुर एयरपोर्ट से जनवरी में यात्रीभार 5 लाख से अधिक रहा है, लेकिन यह दिसंबर 2023 की तुलना में कम है। दिसंबर 2023 में जहां जयपुर एयरपोर्ट से 5.19 लाख यात्रियों ने यात्रा की थी, जबकि जनवरी में यात्रियों की संख्या करीब 5.5 लाख रही है यानी करीब 14 हजार यात्रियों की संख्या घटी है।

**किस एयरपोर्ट से कितने विमानों का आवागमन**

दिल्ली आईजीआई इंटरनेशनल एयरपोर्ट- 36362, मुंबई सीएसएमआई एयरपोर्ट- 28275, बैंगलुरु एयरपोर्ट- 21189, हैदराबाद एयरपोर्ट- 15308, चेन्नई एयरपोर्ट- 12436, कोलकाता एयरपोर्ट- 11501, अहमदाबाद एयरपोर्ट- 7926, कोचीन एयरपोर्ट- 5836, पुणे एयरपोर्ट- 5302, जयपुर एयरपोर्ट- 3997, गोवा एयरपोर्ट- 3726, गुवाहाटी एयरपोर्ट- 3659, लखनऊ एयरपोर्ट- 3626 विमानों का आवागमन हुआ।

## सावित्री बाई फुले की 127वीं पुण्यतिथि पर 10 मार्च को सीकर में आयोजित होगा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

लक्ष्मनगढ (हमारा वतन)। देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की 127वीं पुण्यतिथि पर सीकर के राधाकिशनपुरा स्थित सीआर मैना मैरिज गार्डन में 10 मार्च को प्रातः 9.15 बजे से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सीकर



संभाग की मातृशक्ति, जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का भी आयोजन होगा। फुले बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी, सीकर सैनी समाज के अध्यक्ष राजकुमार दैया महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान सीकर के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश सैनी ने बताया कि सैनी समाज, सैनी जागृति संस्था, सैनी अधिकारी कर्मचारी संस्था , शेखावाटी सैनी माली सेवा संस्थान सीकर के सहयोग से राष्ट्रीय फुले बिग्रेड की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सीकर संभाग की मातृशक्ति एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा।

# खुशखबर : पैलेस ऑन व्हील पर अब होगी डेस्टीनेशन वैडिंग्स

जयपुर (हमारा वतन)। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से नवाचार किए जा रहें हैं। डेस्टिनेशन वेडिंग में प्रदेश को सिरमौर बनाने के लिए अब राजस्थान पर्यटन विकास निगम ( आरटीडीसी) ने भी कदम बढ़ाए हैं। जिसके परिणाम स्वरुप जल्द ही दुनिया की सबसे सुन्दर और लग्जरी ट्रेन में शुमार पैलेस ऑन व्हील्स को अब डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। यही नहीं वैवाहिक गठबंधन में बंधने वाले जोड़े पैलेस ऑन व्हील्स में प्री और पोस्ट वेडिंग शूट भी करवा सकेंगे। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री, पर्यटन दिया कुमारी के अनुसार पैलेस ऑन व्हील्स को डेस्टिशन वेडिंग के लिए उपलब्ध करवाना एक बड़ा निर्णय है। इससे न सिर्फ राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा वहीं राजस्थानी कला व संस्कृति के साथ वैदिक वैवाहिक



रीति-रिवाजों के प्रति विदेशी सैलानियों में आकर्षण बढ़ेगा। दिया कुमारी ने कहा कि पैलेस ऑन व्हील्स दुनिया की सबसे खूबसूरत और लग्जरी ट्रेनों में से एक है। पैलेस ऑन व्हील्स में डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले जोड़े अपनी जिन्दगी के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों को न सिर्फ यादगार बना सकेंगे वरन वे राजस्थान और भारत के लिए पर्यटक राजदूत की भूमिका भी निभा सकेंगे।

# अशोक पाल सिंह को मिला मातृभाषा काव्य रत्न सम्मान



उत्तराखंड (हमारा वतन)। हरिद्वार उत्तराखंड निवासी शिक्षक अशोक पाल सिंह को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा कविता प्रतियोगिता के दौरान शब्द प्रतिभा बहू क्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में मातृभाषा काव्य रत्न सम्मान मिला। यह सम्मान अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु और चयन समिति सदस्य चरना कौर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दिया गया। अशोक पाल सिंह पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति अभियान चलाते हैं।

# जॉब्स-

1. संघ लोक सेवा आयोग, पद आईएएस/आईएफएस, पद संख्या 1206, अंतिम तिथि 5 मार्च 2024
2. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद टीजीटी संस्कृत एजुकेशन, पद संख्या 347, अंतिम तिथि 6 मार्च 2024
3. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद एलडीसी/क्लर्क, पद संख्या 4197, अंतिम तिथि 20 मार्च 2024
4. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, छात्रावास अधीक्षक, पद संख्या 112, अंतिम तिथि 20 मार्च 2024
5. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड सेकंड, पद संख्या 300, अंतिम तिथि 20 मार्च 2024
6. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद महिला सुपरवाइजर, पद संख्या 209, अंतिम तिथि 21 मार्च 2024
7. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद छात्रावास अधीक्षक ग्रेड सेकंड, पद संख्या 335, अंतिम तिथि 17 मार्च 2024
8. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड महिला सुपरवाइजर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पद संख्या 202, अंतिम तिथि 21 मार्च 2024




# ट्विंकल खन्ना ने पति को बताया पॉलिथीन बैग तो भड़कीं कंगना रनौत, बोलीं- इन्हें तो सोने की थाली में..

ट्विंकल खन्ना अक्सर अपने सेंस ऑफ ह्यूमर के चलते ऐले बयान दे देती हैं जिसके बाद वह सुर्खियों में आ जाती हैं। अब ट्विंकल के एक बयान से कंगना रनौत काफी निराश हुई हैं और उन्होंने ट्विंकल पर अपनी भड़ास निकाली है।कंगना रनौत किसी भी



मुद्दे पर बोलने से पीछे नहीं हटती हैं। वह अब तक कई बॉलीवुड सेलेब्स से पंगे तक ले चुकी हैं। अब एक्ट्रेस ने हाल ही में ट्विंकल खन्ना पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्विंकल का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह कह रही हैं कि हमें मर्दों की वैसे ही जरूरत होती है जैसे पॉलिथीन बैग की। कंगना को यह बयान पसंद नहीं आया और उन्होंने ट्विंकल को एक नेपोटिज्म किड बताते हुए जानें क्या कहा।

**कंगना का गुस्सा**-कंगना ने लिखा, क्या हैं ये बिगड़े हुए लोग जो अपने पति को थैली कहते हैं और क्या यह सब बोलकर आप कूल बनना चाहते हो। ये नेपो किड्स चांदी की चम्मच के साथ पैदा होते हैं। इन्हें तो फिल्मी करियर गोल्डन थाली में मिलता है। इसकी तो इन्हें रिस्पेक्ट है नहीं, कम से कम मदरहुड लाइफ ही एंजॉय करें, लेकिन यह भी इनके केस में अभिशाप लगता है। यह आखिर बनना क्या चाहते हैं? सब्जियां? क्या यह फेमिनिज्म है।वैसे ट्विंकल भी उन सेलेब में से हैं जो अपने मुद्दे पर जवाब जरूर देती हैं तो देखते हैं कि कंगना की इस बात पर वह उन्हें क्या जवाब देती हैं।

**क्या बोला था ट्विंकल ने**-ट्विंकल ने अपने एक पुराने वीडियो में बताया था कि कैसे उनकी मां डिंपल कपाड़िया ने उन्हें सिखाया था कि कैसे महिलाओं को मर्दों की जरूरत नहीं होती है। वह बोलीं, 'हम कभी फेमिनिज्म और बराबरी को लेकर बात नहीं करते हैं। लेकिन यह बिल्कुल क्लीयर है कि आदमी की जरूरत नहीं है। हां आदमी अच्छा लगता है जैसे आपके पास अच्छा हैंडबैग हो। तो मैं ऐसे ही सोच के साथ बड़ी हुई हूं।'ट्विंकल ने आगे कहा कि आदमी, महिलाओं से नेचर के तौर पर भी कमजोर होते हैं। उनके बाल जल्द ही झड़ने लगते हैं। वह हमसे 10-15 साल पहले मर जाते हैं तो उनके लिए बुरा भी लगता है।

## जान्हवी कपूर ने एलए एक्टिंग स्कूल से कुछ नहीं सीखाः बोलीं- मुझे वो साल भारत और यहां के लोगों को जानने में लगाने चाहिए थे



जान्हवी कपूर जल्द ही फिल्म देवरा में नजर आएंगी। इस फिल्म से एक्ट्रेस अपना साउथ डेब्यू कर रही हैं। जान्हवी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्होंने LA एक्टिंग स्कूल से कुछ नहीं सीखा। उन्होंने आगे कहा कि मुझे वो साल भारत के लोगों को जानने के बारे में गुजारने चाहिए थे। **जान्हवी कपूर ने अपना एक्सपीरियंस शेयर किया**-जान्हवी कपूर ने बातचीत में कहा- मैंने वहां कुछ नहीं सीखा। मैं मानती हूं कि कैलिफोर्निया मजेदार था और वहां का स्कूल महान था। फिर भी मेरे लिए स्कूल का एक्सपीरियंस कुछ खास नहीं रहा। मैं पहली बार एक ऐसे माहौल में थी, जहां मुझे कोई भी किसी की बेटी के रूप में नहीं पहचानता था। सच कहूं तो ये गुमनामी बहुत ताजगी भरी थी।जान्हवी ने आगे बताया कि LA एक्टिंग स्कूल का फॉर्मेट भी अलग था। उन्होंने कहा- जिस स्कूल से मैंने पढ़ाई की, उसका फॉर्मेट इस बात पर आधारित था कि हॉलीवुड कैसे काम करता है। हॉलिवुड में ऑडिशन किस तरह से होते हैं।

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion



# बॉडी हीट भी कर सकती है आपको बीमार

जरूरत से ज्यादा पसीना आना, उल्टी की समस्या, मांसपेशियों में दर्द, सिर दर्द, थकान और कमजोरी महसूस होना हो सकते हैं बॉडी हीट के संकेत। एक्सपर्ट बता रहे हैं शरीर के तापमान को संतुलित रखने के प्रभावी उपाय। शराब, ड्रग्स, एंटीबायोटिक, अस्थमा, खराब पाचन क्रिया, अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन, हाइपोथाइरॉएडिज्म से लेकर हाई फीवर और गर्म वातावरण के कारण भी शरीर में गर्मी बढ़ जाती है। जिस वजह से कई अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं ज्यादातर महिलाओं में पीरियड्स के दौरान बॉडी हीट की समस्या होती है। इसलिए शरीर के तापमान को संतुलित रखना बहुत जरूरी है। बॉडी हिट की समस्या के लिए बार-बार अस्पताल जाना और डॉक्टर से संपर्क करना सभी के लिए आसान नहीं है। तो इस समस्या से निजात पाने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खों की मदद ले सकती हैं। चलिए जानते हैं इन घरेलू उपचारों के बारे में विस्तार से साथ ही जानेंगे यह किस तरह काम करते हैं।



**यहां जाने इसे नियंत्रित करने के घरेलू उपाय**-पारस हॉस्पिटल गुडगांव के इंटरनल मेडिसिन के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर राजेश कुमार ने बॉडी हीट को कम करने के कुछ जरूरी उपाय सुझाए हैं। तो चलिए जानते हैं, आखिर किस तरह इसे कम किया जा सकता है। बॉडी हीट को लेकर डॉक्टर कहते हैं कि यदि आपको हीट स्ट्रेस का अनुभव हो रहा है, तो ऐसे में सबसे महत्वपूर्ण है शरीर को अच्छी तरह हाइड्रेटेड रखना। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पियें। वहीं इसके अलावा कई अन्य तरीके भी हैं जिनकी मदद से आप घर पर इस समस्या से निजात पा सकती हैं। तो चलिए जानते हैं उनके बारे में थोड़ा और विस्तार से।

**1. पैरों को ठंडे पानी में डुबाएं**-यदि आप बॉडी हीट से परेशान हैं तो ऐसे में पैर को ठंडे पानी में रखने से आपके शरीर को अंदर से ठंडक मिलेगी। इसके लिए किसी टब या बाल्टी में ठंडा पानी डालें यदि पानी ज्यादा ठंडा नहीं है तो इसमें बर्फ के कुछ टुकड़े डाल कर इसे पूरी तरह ठंढा कर लें।

अब अपने पैरों को कम से कम 20 से 30 मिनट तक इसमे डुबोएं रखें। वहीं इसके प्रभावी परिणाम के लिए इसमें पेपरमिंट तेल की कुछ बूंदे मिला सकती हैं।

**2. हाइड्रेटिंग फूड्स**-तरबूज, खरबूज और स्ट्रॉबेरी जैसे हाइड्रेटिंग फ्रुट्स का सेवन आपके शरीर में हीट को जनरेट होने से रोकता है। इन फलों में पर्याप्त मात्रा में पानी पाया जाता है इसलिए यह इस स्थिति में काफी फायदेमंद होते हैं। इसके साथ ही फूलगोभी, खीरा और अन्य हरी सब्जियों का सेवन भी बॉडी हीट को कम करने में मदद करता है। आप चाहें तो इसे सलाद के तौर पर कच्चा भी ले सकती हैं। इसके साथ ही दही का सेवन भी शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है।

**3. कोकोनट वॉटर**-कोकोनट वॉटर में पर्याप्त मात्रा में विटामिंस और मिनरल्स पाए जाते हैं। इसके साथ ही इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट आपके शरीर को हाइड्रेटेड रहने में मदद करता है।

# महाशिवरात्रि पर 4 शुभ संयोग शिव भक्तों की मनोकामनाएं होंगी पूरी

देवाधिदेव महादेव एवं माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जानेवाला पर्व महाशिवरात्रि आगामी 8 मार्च को सर्वार्थ सिद्धि योग में होगा। बताया जाता है कि इस योग में महादेव की पूजा अर्चना करने से भक्तों के सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंडों के शिवालयों में अभी से ही महाशिवरात्रि की तैयारी में श्रद्धालु जुटने लगे हैं। इस बार महाशिवरात्रि पर 4 शुभ संयोग बनने वाले हैं। अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन श्रवण नक्षत्र और शिव योग के साथ मकर राशि का चंद्रमा होगा। इसके अलावा सर्वार्थ सिद्धि योग और सिद्ध योग भी बनेगा। इन 4 शुभ संयोग में महाशिवरात्रि की पूजा शिव भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करने वाली है।

**महाशिवरात्रि पूजा-विधि-** शिवरात्रि के दिन सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प करें। व्रत रखकर किसी शिव मंदिर या अपने घर में नर्मदेश्वर की मूर्ति या पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर समस्त पूजन सामग्री एकत्र कर आसन पर विराजमान होकर 'मम इह जन्मनि जन्मान्तरेवार्जित सकल पाप क्षयार्थं आयु-आरोग्य-ऐश्वर्य-पुत्र-पौत्रादि सकल कामना सिद्धिपूर्वक अन्ते शिवसायुज्य प्राप्तये शिवरात्रिव्रत साङ्गता सिध्यर्थं साम्बसदाशिव पूजनम करिष्ये। मंत्र जप करते हुए स्थापित शिवमूर्ति की षोडशोपचार पूजा करें। आक, कनेर, विल्वपत्र और धतूरा, कटेली आदि अर्पित करें। रुद्रीपाठ, शिवपुराण, शिवमहिम्नस्तोत्र, शिव संबंधित अन्य धार्मिक कथा सुनें। रुद्रभिषेक करा सकें, तो अत्यंत उत्तम है। रात्रि जागरण कर दूसरे दिन प्रातःकाल शिवपूजा के पश्चात जौ, तिल और खीर से 108 आहुतियों 'त्र्यम्बकं यजामहे या 'ऊं नमः शिवाय आदि मंत्रों से यज्ञशाला में दें। ब्राह्मणों या शिवभक्तों को भोजन कराएं और दक्षिणा देकर विदा करें फिर स्वयं भोजन कर व्रत का पारण करें।

**महाशिवरात्रि पूजा सामग्री लिस्ट**-पुष्प, पंच फल पंच मेवा, रत्न, सोना, चांदी, दक्षिणा, पूजा के बर्तन, कुशासन, दही, शुद्ध देशी घी, शहद, गंगा जल, पवित्र जल, पंच रस, इत्र, गंध रोली, मौली जनेऊ, पंच मिष्ठान्न, बिल्वपत्र, धतूरा, भांग, बेर, आम्र मंजरी, जौ की बालें,तुलसी दल, मंदार पुष्प, गाय का कच्चा दूध, ईख का रस, कपूर, धूप, दीप, रूई, मलयागिरी, चंदन, शिव व मां पार्वती की श्रृंगार की सामग्री आदि।

**कब है महाशिवरात्रि की तिथि-** फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 08 मार्च शुक्रवार को रात्रि 09:57 बजे से फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि की समाप्ति 9 मार्च को शाम 06:17 होगा। इस दिन में महाशिवरात्रि की पूजा का मुहूर्त सुबह 05:01 से प्रारंभ होगा। अधिकतर लोग शाम को प्रदोष काल में शिवपूजा करते हैं। इस दिन विभिन्न चीजों से शिवजी का अभिषेक भी कराया जाता है। महाशिवरात्रि की पूजा में भद्रा काल भी देखी जाती है। इस दिन रात के 09:58 बजे से अगले दिन प्रातः 08:09 तक भद्रा रहेगी। इसलिए इसके पहले ही शिवरात्रि का पूजन कर लिया जाना चाहिए।

**कौन कौन से पड़ रहे हैं संयोग** -इस बार शिवरात्रि पर 8 मार्च को सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इस बार महाशिवरात्रि पर 4 शुभ संयोग बनने वाले हैं। महाशिवरात्रि के दिन श्रवण नक्षत्र और शिव योग के साथ मकर राशि का चंद्रमा होगा।

डाक पंजीयन संख्या : RJ/JPM/158/2024-26
(DAVP-Code No.- 120390) RNI No. 10311/1965
हमारा वतन साप्ताहिक
जयपुर, सोमवार, 26 फरवरी, 2024

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# चंदा और चुनाव सुधार की ईमानदार पहल


राम गोपाल सैनी

संशोधन विधेयक, जिसका आशय लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, आयकर अधिनियम और कंपनी अधिनियम के कुछ प्रावधानों में संशोधन करना है, लाने की जरूरत इसलिए पड़ी, क्योंकि भारत की लोकतांत्रिक राजनीति तथा विभिन्न राजनीतिक दलों, दोनों में यह आम राय बनी कि स्वतंत्रता के 56 वर्षों बाद भी हम ऐसा पारदर्शी तंत्र विकसित नहीं कर पाए हैं, जिसके द्वारा देश में राजनीति, राजनीतिक गतिविधियों तथा राजनीतिक दलों का वित्तपोषण किया जा सके। स्वर्गीय इंद्रजीत गुप्ता की अध्यक्षता में समिति ने वर्ष 1999 में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था, जिसमें राज्य द्वारा चुनावों का वित्तपोषण किए जाने के बारे में कई मूल्यवान सुझाव दिए गए थे।इस बात पर बल दिया गया था कि वित्तपोषण जुटाई गई समग्र निधि के आधार पर किया जाएगा और समग्र निधि में केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा अंशदान किया जाएगा। ...सरकार ने इस प्रश्न पर विचार किया है कि...भारतीय राजनीति के वित्तपोषण के लिए एक पारदर्शी तंत्र कैसे बनाया तथा विकसित किया जाए।... इस विधेयक की विषय-वस्तु ऐसी है कि कोई भी व्यक्ति, जिसमें व्यक्ति विशेष ही नहीं, साझेदारी, संयुक्त हिंदू परिवार भी शामिल हैं तथा सरकारी कंपनी को छोड़कर कोई भी कंपनी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दल को अंशदान देने के पात्र हैं। ...अंशदान की गई धनराशि का एक उपयुक्त भाग या स्वीकार्य व्यय दानकर्ता को आयकर अधिनियम के अंतर्गत कर छूट के लिए उपलब्ध होगा। इसका आशय लोगों को चेक द्वारा राजनीतिक दलों को दान देने के लिए प्रेरित करना है। ...राजनीतिक दलों पर भी अपने खातों को सख्ती से कायम रखने के लिए अपने खातों की लेखा परीक्षा करवाने का दायित्व होगा। उनसे वित्तीय वर्ष के दौरान 20,000 रुपये से अधिक दान देने वाले सभी दानकर्ताओं की एक सूची बनाने की आशा की जाएगी। राजनीतिक दल के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित समस्त खातों का विवरण प्रतिवर्ष चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। अतः इस विधेयक का दोहरा उद्देश्य है। वर्तमान प्रणाली को बदलना है, जहां बहुत-से लोगों का मानना है कि राजनीतिक दलों को जुटाए गए काले धन में से अंशदान दिया जाता है। इस बारे में गंभीरतापूर्वक आत्मविश्लेषण करें कि हमारी राजनीतिक वित्तपोषण की वर्तमान प्रणाली वस्तुतः क्या है। राजनीतिक दल चुनाव लड़ रहे हैं, उनके कार्यालय हैं, उनके नेता विमानों और हेलीकॉप्टरों का उपयोग कर रहे हैं और इन सब कार्यों में धन खर्च होता है। राजनीतिक दल केवल लोगों की इच्छाशक्ति से ही नहीं चल रहे हैं। उन्हें बने रहने के लिए भौतिक साधनों की भी जरूरत है। यदि हम ईमानदारी से अपना आत्मविश्लेषण करें कि ये भौतिक साधन कहां से आ रहे हैं, तो स्पष्ट होगा कि ये साधन प्रभावी ढंग से उन स्रोतों से आ रहे हैं, जहां साधन वास्तव में उपलब्ध हैं।...एक आम अवधारणा यह भी है कि राजनीति में परोक्ष रूप से काफी धनराशि का प्रवेश होता है। यह विधेयक उस रोग के एक हिस्से को ठीक करने का प्रयास है। जब हम व्यापक सुधार की बात करते हैं, तो इस संबंध में मैं ईमानदारीपूर्वक यह स्वीकार करता हूं कि कोई ऐसा कानून नहीं है, जो व्यापक निर्वाचन सुधार विधेयक बन सके। ...यह आगे बढ़ने की दिशा में एक छोटा सा कदम। ...रातों रात इसमें परिवर्तन नहीं होंगे। परिवर्तन तभी होंगे, जब धन चंदा देने वाले, चाहे वे व्यक्ति हों अथवा अन्य और चंदा लेने वाले भी यह अनुभव करेंगे कि संभवतः यह एक रीति है। जो वैधता ही नहीं जोड़ेगी, अपितु राजनीतिक वित्त की पूर्ण प्रक्रिया के प्रति विश्वसनीयता भी जोड़ेगी। ...क्या सरकार द्वारा लिए गए किसी अधिकारिक निर्णय और दानकर्ता के बीच कोई सांठगांठ है। वास्तव में, जब तक यह अदृश्य रहता है, सांठगांठ का कभी पता नहीं चलेगा। उस सांठगांठ की जानकारी जहां तक जनता का संबंध है, कम से कम कुछ और पारदर्शिता व जानकारी बढ़ाएगी कि क्या चंदा हरजाने के लिए दिया जा रहा है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# टारगेट एजु हब में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव तरंग 2024






**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के कचोलिया रोड स्थित टारगेट एजु हब में संस्थान निदेशक अशोक गोरा के सानिध्य में वार्षिकोत्सव तरंग 2024 का आयोजन टारगेट कॉलेज परिसर में बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। वार्षिकोत्सव में मोटीवेटर एवं प्रधानाचार्य एसएल जांगिड़, परफेक्ट टारगेट एजु हब के दशरथ सिंह, अराइज इंस्टिट्यूट के मुलायम सिंह अतिथियों के रूप में मौजूद रहे। सुबह टारगेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू टारगेट साइंस पॉइंट, अराइज इंस्टीट्यूट आफ एग्रीकल्चर, टारगेट कॉलेज, न्यू टारगेट पब्लिक स्कूल, परफेक्ट टारगेट एजु हब और शाम को न्यू टारगेट इंग्लिश मीडियम स्कूल का संयुक्त वार्षिकोत्सव मनाया गया।

संस्थान डायरेक्टर अशोक गौरा ने संबोधित करते हुए कहा कि जो भी कम करें आनंद लेकर करें। अगर एक दो नंबर कम रह जाते हैं तो कोई चिंता की बात नहीं है तनाव नहीं लेवें और लक्ष्य बनाकर अपने सपनों को जरूर साकार करें सफलता अवश्य मिलेगी। डायरेक्टर अशोक गोरा ने स्टूडेंटस की मांग पर जिंदगी एक सफर है सुहाना गाना गाकर सुनाया जिस पर जमकर तालियां बरसी। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। स्कूल के स्टूडेंट्स ने आयो रे शुभ दिन, मां भवानी, में निकला गाड़ी लेकर, गलती से मिस्टेक, हम नहीं सुधरेंगे, कालबेलिया, घूमर आदि गानों पर नृत्य कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान म्यूजिकल चेयर, जलेबी खाना, नींबू चम्मच दौड़, साड़ी पहनना और साफा बांधना आदि गेम्स भी बच्चों को खिलाएं गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट को पारितोषिक देकर सम्मानित भी किया गया।

### *राजस्थान लोक सेवा आयोग ने परिणाम जारी किया*

## चिकित्सा विभाग को जल्द मिलेंगे 200 नए खाद्य सुरक्षा अधिकारी

जयपुर(नि.सं.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को जल्द ही 200 नए खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपलब्ध होंगे। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा-2022 का परिणाम जारी कर दिया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा है कि युवाओं का भविष्य हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसको दृष्टिगत रखते हुए विभाग में भर्ती प्रक्रिया को गति दी जा रही है। राजस्थान लोक सेवा आयोग से 200 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भर्ती के लिए परिणाम जारी हो चुका है। जल्द ही इन्हें नियुक्ति दी जाएगी। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि नए अधिकारी मिलने से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय और मजबूत होगा।

(कविता)

## सड़क

पथ किनारे जब मैं खड़ा,
निशब्द सा कुछ सोच रहा।
आखिर देख कहा ख़ामोशी ने,
पूछो ना हाल सब कैसे सहा।

राही को हरदम मंजिल तक,
पहुंचाने का काम जो करती।
दिन-रात हल्के-भारी सभी,
बेहिचक वाहनों को सहती।

लकड़ी पत्थर ज़रूरी चीजें,
वन पहाड़ों से जो निकला।
नित नये निर्माण के खातिर,
मुझसे गुज़रा वही निगला।

जानें कितने ही मुझसे गुज़र,
मंजिल जो अपनी पहुंच गए।
चकाचौंध भरी इस दुनिया में,
दिखते हैं आज वो शहरी नए।

टूट-फूट मेरे हाल बिगड़े तो,
नहीं कोई अब सुध लेता है।
भूला-भटका शहरवासी तो,
देख सड़क देहाती कहता है।

**-महेन्द्र सिंह कटारिया,**
**नीमकाथाना, राजस्थान**



(कविता)

## अंतर्मन में दरस की आस

मैं हुई बावरी कान्हा के दरस की
मैं हुई दीवानी कान्हा की बंसी की
मैं हुई पागल कान्हा के महारास की
मैं हुई बावली कान्हा
की अदाओं की
क्यों छोड़ चले मुझे
जमुना तट पर यूँ
क्यों विरह की आग में तपाते कान्हा
क्यों नैनों में आकर
बस नहीं जाते हो
क्यों हर क्षण क्षण मुझे
तुम रुलाते हो
मेरा हाथ थाम लो
तुम कान्हा अब तो
मेरे जीवन की पतवार
सम्भालो अब तो
डूबती नैया का तुम ही
सहारा हो मोहन
भवसागर पार लगा दो
अब कृष्ण कन्हाई
कुंज गलियों में तुम्हें
खोजती फिरूँ मैं
मनमोहक छवि को
एकटक निहारूं मैं
सूने सूने पनघट खग
कलरव भी न करते
गूँगी बहरी सी विरह
में पागल हुई कान्हा
सुनी पड़ी कदम्ब की
डाली दिखती तन्हा
गोपियाँ रुदन कर रही
कहाँ छोड़ चले कान्हा
अंतर्मन में दरस की
आस जगा चले गए मोहन
हे गिरधारी यशोदा नंदन
मैं बस तेरी बाट निहारूँ

**-डॉ. राजेश कुमार शर्मा पुरोहित,**
**भवानीमंडी**



Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा